
हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार, 4 दिसंबर 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

12 अवैध कब्जा हटाने शिक्षक के खिलाफ खुला मोर्चा



12 छात्र-छात्राएं एड्स के प्रति रहें जागरूक



## खबर संक्षेप

### पेड़ कटाई का ग्रामीणों ने किया विरोध



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के जगदलपुर रेंज के ग्राम बिरनपाल में वन विभाग का पेड़ कटाई चल रहा है, जिसका मंगलवार को ग्रामवासियों ने विरोध कर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि यहां के जंगल घना है, जिसे कटाई नहीं करें। ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों की बिना सहमती एवं सूचना किए वन विभाग द्वारा पेड़ कटाई शुरू किया गया। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर दरभा थाना को इसकी सूचना दी। वहीं वन विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा ने इस संबंध में बताया कि बिरनपाल कूप में मरे एवं सूखे वृक्षों को एक वर्ष पूर्व कटाई के लिए चिन्हित किया गया है, जिससे 4 दिन पूर्व से कटाई शुरू की गई है।

### डड़सेना कलार समाज ने की न्यायिक जांच की मांग




**कोण्डागांव।** डड़सेना कलार समाज ने सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय कोंडागांव में मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में चारामा निवासी कुमारी वीणा गजेंद्र 20 वर्ष की संदिग्ध मौत की न्यायिक जांच करवाने और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार, वीणा का इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था जहां उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण उनकी बेटी की जान गई। उन्होंने बताया कि वीणा को अनियमित मासिक धर्म की समस्या थी जिसके लिए वह अस्पताल में भर्ती हुई थी। इलाज के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ती गई और अंततः उसकी मौत हो गई। डड़सेना कलार समाज का कहना है कि वीणा की मौत एक गंभीर मामला है और इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और दोषियों को सजा दी जाए। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में रोष व्याप्त है। लोग न्याय की मांग कर रहे हैं। समाज के लोगों का मानना है कि इस तरह की घटनाएं अस्पतालों में लापरवाही की ओर इशारा करती हैं। उन्होंने मांग की है कि सरकार इस मामले में गंभीरता से ले और दोषियों को बख्शा न जाए। यह मामला एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही की ओर इशारा करता है। यह जरूरी है कि इस मामले की गहन जांच की जाए और दोषियों को सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जा सकें।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक की उपचार के दौरान हुई मौत

**जगदलपुर।** कोड़ेनार थाना क्षेत्र के बड़े किलेपाल तीन नम्बर में बीती रात खड़ी ट्रक से टकराने से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जहां कुछ समय बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी स्पॉट में खड़ी ट्रक से बाइक टकराने की यह दूसरी घटना है। पूर्व में भी बाइक सवार की मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक कोड़ेनार थाना क्षेत्र के बड़े किलेपाल 3 नम्बर के पास बीती रात लगभग 11 बजे तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क पर खड़ी ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। वहीं इस घटना में एक युवती भी घायल हो गई जिसका मेकाज में उपचार चल ⏭ शेष पेज 10 पर

# इलेक्ट्रानिक की जगह तराजू से तौल की उठी मांग, उठाव नहीं होने से सूखत की आशंका से लैम्पस कर्मी भयभीत

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व विधायक की टीम ने तीन-तीन लैम्पस का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सरकारी धान खरीदी से किसानों को कितना नफा नुकसान हो रहा है तथा साय सरकार की खरीदी में किस तरह की कमियां है, उसे देखने के लिए आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व विधायक रेखचंद जैन अपनी टीम के साथ अलग-अलग तीन-तीन लैम्पस पहुंचकर किसानों और कर्मचारियों से चर्चा की। दीपक बैज के सामने किसानों ने कहा कि इलेक्ट्रानिक मशीन से तौल की बजाय तराजू बांट से धान की खरीदी करना अधिक उचित है। कुछ किसानों ने कहा कि इलेक्ट्रानिक मशीन में फर्क आ रहा है इससे 100-200 ग्राम तक अलग-अलग नुकसान की आशंका है। वहीं लैम्पस कर्मियों ने 15 दिनों से धान का उठाव नहीं होने के कारण सूखत की आशंका जताई है। बताया गया कि मिलर्स के द्वारा संग्रहण केंद्र में पिछले साल का सड़ा हुआ खराब धान उठाया जा रहा है। इसलिए नए धान मिलर्स अभी तक नहीं उठा रहे हैं, इसे जिला प्रशासन को देखना चाहिए। कहा गया कि 15 दिन बाद यदि बोरा को तौला जाए तो आधा किलो धान कम मिलेगा और इसका नुकसान लैम्पस कर्मचारी को उठाना पड़ता है। दीपक बैज के साथ लोहण्डीगुड़ा के जनपद अध्यक्ष महेश कश्यप और अन्य पंचायत प्रतिनिधि करंजी, बड़ांजी और छापर भानपुरी लैम्पस पहुंचकर किसानों से चर्चा की।



### कर्जमाफी नहीं होने से किसानों को घाटा

*यहां भी राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास नजर आया। दीपक बैज किसानों से पूछते रहे हमारी सरकार के समय जब हमने 6 करोड़ 82 लाख कर्जमाफी किया था अब कर्जमाफी नहीं होने से किसानों को घाटा हुआ। वहीं 31 सौ की जगह 23 सौ रुपए में खरीदी करने के लिए मोदी सरकार और साय सरकार को सबक सिखाने को कहा। वहीं पूर्व विधायक रेखचंद जैन के साथ जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, नगर निगम में उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय सहित अन्य कांग्रेसी नानगुर, बड़ेमुरमा और जमावाड़ा लैम्पस पहुंचकर खरीदी का जायजा लिया।*

## विरोध: सनातन रक्षा मंच ने राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे इस्लामिक अत्याचार के विरोध में निकली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- हिन्दू नेताओं ने दंतेश्वरी मंदिर परिसर में विशाल सभा को किया संबोधित

बांग्लादेश में हिंदुओं के धार्मिक, सामाजिक और मानवाधिकारों के निरंतर उल्लघन के संदर्भ में आवश्यक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए मंगलवार को सनातन रक्षा मंच द्वारा आक्रोश रैली के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। सनातन रक्षा मंच के सुबीर नंदी एवं एल ईश्वर राव ने बताया कि सनातन रक्षा मंच द्वारा दंतेश्वरी मंदिर परिसर में विशाल सभा को हिन्दू समाज के लोगों ने सम्बोधित कर बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की जमकर निंदा की। सभा उपरांत रैली निकाल कर बांग्ला देश में हो रहें हिन्दू सहित अन्य अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता और उनके नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाये जाने की मांग की गई। मंच पर मौजूद आरएसएस के आरबीएस राणा, स्वामी वेद व्यास, वेणुगोपाल, ललिल जोशी, श्याम सोमानी, अरुण दास, नवरत्न जलोटा, अमरीक सिंह आदि सनातन रक्षा मंच के नेताओं ने कहा कि हिन्दू मंदिरों, पूजा स्थलों और धार्मिक ग्रथों की रक्षा सुनिश्चित करते हुए इन्हे अन्तरराष्ट्रीय धरोहर के रूप में मान्यता दिया जाए और अन्तराष्ट्रीय हस्तक्षेप कर भारत सरकार इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र संघ, मानवाधिकार आयोग और अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उठाये ताकि बांग्लादेश सरकार पर वैश्विक दबाव बनाकर हिन्दूओं के अधिकारों की रक्षा किया जा सके। इस दौरान जगत सिंह ठाकुर, अनिल लुकड़, प्राची गर्ग, नरेंद्र पानीग्राही, महापौर सफीरा साहू, विधायक किरणदेव समेत बड़ी संख्या में हिंदू समाज ⏭ शेष पेज 10 पर






### बांग्लादेश में हो रहा मानवाधिकारों का उल्लंघन

*सकल हिन्दू समाज के प्रतिनिधियों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू, बौद्ध व अन्य समुदायों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति गहरी चिन्ता और विरोध व्यक्त किया। मंच से वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बांग्लादेश में जो अत्याचार हो रहा हैं वह न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है बल्कि इससे हमारे साझा सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्य भी आहत हो रहे है। हमारा देश हमेशा से विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और आस्था का संगम रहा है हमारी सर्वे भवनतु सुखिनः की अवधारणा है। बांगलादेश भी हमारे इतिहास, संस्कृति और समाज का एक अभिन्न हिस्सा रहा है फिर भी वहां पर हिन्दू, बौद्ध व अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे घृणित हमलों और अत्याचारों ने हमारी अन्तरात्मा को झकझोर दिया है।*

# सड़क किनारे झाड़ियों में मिली युवती की सड़ी गली लाश, इलाके में सनसनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

- लकड़ी बिनने गए ग्रामीणों ने शव देख पुलिस को दी सूचना
- हत्या की आशंका, शिनाख्त में जुटी पुलिस

जिले के मुरतोंडा परिक्षेत्र में सड़क किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात युवती की नग्न अवस्था में सड़ी गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। सोमवार दोपहर को पाईक रामपुराम गांव के कुछ ग्रामीण कृषि विज्ञान केंद्र के ब्लॉक नंबर तीन में लकड़ी बिनने के लिए गए थे। इस दौरान उन्हें झाड़ियों के बीच नग्न अवस्था में महिला की लाश नजर आई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सरपंच को दिया। इसके बाद सरपंच ने देर शाम को पुलिस को सूचना दी। मंगलवार सुबह कोतवाली प्रभारी शिवानंद तिवारी अपने स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे लिया। मौका मुआयना के दौरान महिला का शव नग्न अवस्था में क्षत विक्षत हालत में था। धड़ से सिर गायब था। निरीक्षण के दौरान शव से कुछ दूरी पर कंकाल में बदल चुके सिर को बरामद किया गया। इसके अलावा शव ⏭ शेष पेज 10 पर

# सीमावर्ती राज्यों के 687 वाहनों पर किया 16.17 लाख जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- धनपूंजी बेरियर पर 921 वाहनों से 21.48 लाख का समझौता शुल्क वसूला

परिवहन विभाग के सीमावर्ती राज्य धनपूंजी स्थित बेरियर में रोज दूसरे राज्यों के वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। इसमें उड़ीसा, आंध्रप्रदेश के लगभग 687 वाहनों का उल्लंघन करने पर 16 लाख 17 हजार 100 रूपए एवं छत्तीसगढ़ के 186 वाहनों पर एक लाख 84 हजार 600 रूपए का जुर्माना किया गया। इस तरह से विभिन्न चालान में 873 वाहनों से 18 लाख एक हजार 700 रूपए, जारी परमिट 40 वाहनों से 40 हजार, परमिट टैक्स में 39 हजार 280 रूपए, मासिक कर (पीएसवी) ⏭ शेष पेज 10 पर

# 2-2 किग्रा के 3 आईईडी को सुरक्षा बलों ने किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल/कोडागांव

- नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों नुकसान पहुंचाने के नियत से लगाए गए थे

कोण्डागांव व कांकेर के सीमावर्ती ग्राम भण्डारपाल, जबकसा व माड़गांव के पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी लगाये जाने की 2 दिसंबर को सूचना पर विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। उसके बाद अनिल विश्वकर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव के नेतृत्व में थाना धनोरा से जिला पुलिस बल व कैम्प कुंएमारी से



सीएएफ की टीम ग्राम भण्डारपाल, जबकसा, माड़गांव व उसके आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुये थे। अभियान के दौरान लगभग अपरान्ह चार बजे ग्राम माड़गांव पहाड़ी के पास नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने के नियत लगाये गये करीबन 2-2 किलोग्राम ⏭ शेष पेज 10 पर

# फिल्मी स्टाइल में मंडी के जेडी की टीम ने 2 लाख का अवैध धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- जब्त ट्रक व अवैध धान पुलिस थाना को किया सुपुर्द
- ओडिशा से बस्तर जिले के किसान से खपाने का प्रयास

मंडी के जेडी की टीम ने फिल्मी स्टाइल में सोमवार की रात 2 लाख रूपए का अवैध धान एवं ट्रक को जप्त कर नगरनार पुलिस थाना के सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी को सोमवार की शाम लगभग 4 बजे सूचना मिली कि सीमावर्ती राज्य उड़ीसा से बस्तर जिले के किसान से खपाने के लिए अवैध धान पहुंच रहा है। इसके लिए जेडी सहित निरीक्षक रमेश उप्पल, ई-नाम के कर्मचारी प्रभाकरण शाम 4 बजे धनपूंजी से जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में तैनात रहे। लगभग 4.30 घंटे बाद रात लगभग 8.30-9 बजे मारकेल में एनएच पर उड़ीसा से आ रहे ट्रक क्रमांक ओडी 10 पी 4047 को रोका। उस



समय ट्रक के सामने एवं पीछे कार थी, जिसमें लगभग 15 लोग सवार थे, ट्रक रोकने से आगे पीछ चल रही कार में सवार लोग टीम के पास पहुंचे। मंडी की टीम ने पूछा तो कार के सवार लोगों ने बताया कि ट्रक में मक्का लदा है, पर टीम के एक कर्मचारी ने बोरा देखा तो पता चला कि ट्रक में धान लदा हुआ है। इस पर ट्रक चालक उर्ड़दा गडवा से पूछताछ किया गया, जिसमें धान के एक भी कागजात नहीं मिले। तलाशी में 210 पैकेट मिला, 84 क्विंटल जिसका कीमत ⏭ शेष पेज 10 पर

## घर में ही बच्चे का किया जा रहा है घरेलू इलाज, कोई नहीं ले रहा सुध

# स्कूल बंद करते समय गिरा गेट, टूटी छात्र की टांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

स्कूल का गेट गिरने से एक छात्र की जांघ की हड्डी टूट गई, गरीब मां बाप अस्पताल में बेटे का इलाज नहीं करा पा रहे हैं। वहीं सप्ताह बीत जाने के बावजूद पीड़ित छात्र की सुध लेने कोई नहीं पहुंचा है।

मिली जानकारी के मुताबिक बकावंड विकासखंड की ग्राम पंचायत मूली के शासकीय प्राथमिक शाला में एक सप्ताह पहले कक्षा दूसरी में पढ़ने वाले छात्र गुप्तेश्वर कश्यप उम्र 12 वर्ष कक्षा सातवी का छात्र है, की दांयी जांघ की हड्डी स्कूल का गेट गिरने से टूट गई। हादसे के बाद छात्र को उसकी मां उठाकर घर ले गई। बच्चे को महारानी अस्पताल जगदलपुर ले जाया गया, जहां एक्स- रे कराने पर उसकी जांघ की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को उसके गरीब माता पिता वापस घर ले गए। अब घर में ही बच्चे का घरेलू इलाज किया जा रहा है। छात्र के पिता हलदार कश्यप ने बताया कि 4 बजे छुट्टी होने के बाद गेट बंद करते समय गुप्तेश्वर की दाहिनी जांघ की हड्डी टूट गई, अभी घर में देसी जड़ी बूटी से इलाज चल रहा है, हम गरीब लोग हैं अस्पताल का खर्चा नहीं उठा सकते। वहीं स्कूल के प्रधान पाठक प्रेमनाथ बघेल ने कहा है कि छात्र गुप्तेश्वर स्कूल छुट्टी होने के बाद गेट बंद कर रहा था, तभी गेट टूट कर उसकी दाहिना जांघ पर गिर गया। फिर उसे उपचार कराने के लिए महारानी अस्पताल में ले गए। प्राथमिक शाला मूली में बच्चों को 3 बजे छुट्टी दे दी जाती है और स्कूल 5 बजे बंद होता है।




### रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाई

*बीआरसी सोनसिंह बघेल ने बताया कि मैंने छात्र के परिजनों को 500 रुपए दिए थे और अस्पताल में दो दिन तक जाकर छात्र का हालचाल पूछता रहा। सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि घटना के समय मैं और प्रधान अध्यापक दोनों उपस्थित थे। घटना दुखद है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा का कहना है कि घटना की रिपोर्ट अभी नहीं आई है, सीएससी से रिपोर्ट आएगी तब जो भी घटना के लिए जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप



## बच्चों को दी गई मिट्टी परीक्षण की जानकारी

कोण्डागांव। स्वाईल हेल्थ कार्ड योजना के तहत स्कूली बच्चों को कृषि के व्यावहारिक ज्ञान से परिचित कराने का अनूठा प्रयास किया गया। कोंडागांव जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में कृषि विभाग ने शामपुर स्थित एकलव्य विद्यालय के बच्चों को खेत की मिट्टी का नमूना लेने के तरीके सिखाए। यह कार्यक्रम ढूध गांव में किसान कार्तिक नेताम के खेत पर आयोजित किया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी खोमेश्वर साहू ने बच्चों को बताया कि खेत के मेड़ों से दो मीटर दूर चारों कोनों और बीच में त्रिभुज आकार में आधा से एक फीट गहरे गड्ढे से मिट्टी का नमूना लेना चाहिए। नमूना लेने से पहले खरपतवार और अन्य अवशेष हटाना जरूरी है। उन्होंने समझाया कि मिट्टी का परीक्षण करने के बाद उसमें पोषक तत्वों की कमी को पहचाना जाता है और उपयुक्त खाद डालने की सलाह दी जाती है।

## कलेक्टर ने बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की



कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज समय–सीमा की बैठक में 4 दिसंबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेला के लिए तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। और सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने और विभिन्न विभागीय स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 4 दिसंबर को सुरडोंगर केशकाल में एक विशाल रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी नियोजकों द्वारा 4225 पदों पर भर्ती की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में समय–सीमा में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन, मनरेगा के लंबित कार्यों की भी जानकारी ली। जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जनजागरूकता अभियान में महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को भी जोड़कर उनकी भागीदारी बढ़ाने की बात की। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों के इलाज में सहायता के लिए विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी आगे आकर निक्षय मित्र के रूप में पंजीयन कराएं।

# मृत छात्र के परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा की मांग

## निलंबित हॉस्टल अधीक्षक पर एफआईआर दर्ज करने अड़ा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

नगर के बुनियादी बालक आदर्श आवासीय विद्यालय गरांजी में 12 नवंबर को 11वीं कक्षा में अध्ययनरत आदिवासी छात्र योगेश वट्टी के आत्महत्या करने की घटना को लेकर जिले में सियासी पारा उफान पर हैं। कांग्रेस और आप के धरना प्रदर्शन के बाद अब सर्व आदिवासी समाज के द्वारा घटना पर विरोध जताते हुए हॉस्टल के अधीक्षक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। सर्व आदिवासी समाज के द्वारा कहा गया है कि छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाया गया था। जिस पर जिम्मेदार लोगों पर जिला प्रशासन ने कारवाई नहीं किया हैं। सर्व आदिवासी समाज के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद भी अधीक्षक पर कार्यवाही नहीं करने की वजह से आदिवासी समाज के द्वारा विरोध प्रकट कर नारायणपुर के गढ़बंगाल चौक में मंगलवार को चक्काजाम करने करने के बाद एसडीएम वासु जैन को ज्ञापन दिया। जिसमें चार सूत्रीय मांगें रखी गई है। जिसमें मृत छात्र के परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा की देने की मांग करते निलंबित हॉस्टल अधीक्षक पर एफआईआर दर्ज करने को कहा गया है। वहीं हॉस्टल से अधीक्षक की पत्नी और प्राचार्य को हटाने की मांग की गई हैं।सर्व आदिवासी समाज के द्वारा जिला प्रशासन को 15 दिनों की मोहलत दी गई हैं। आम आदमी पार्टी द्वारा भी 28 नवंबर को छात्र के आत्महत्या प्रकरण को जयस्तंभ चौक में चक्काजाम कर विरोध प्रकट किया गया था इस दौरान एसडीएम वासु जैन के साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की जमकर बहस भी हुई। सर्व आदिवासी समाज के पत्र में लिखा है कि घटना 12 नवंबर की है बुनियादी बालक आदर्श आवासीय विद्यालय गरांजी जिला नारायणपुर में अध्ययनरत छात्र योगेश वट्टी ने स्कूल प्रबंधन एवं छात्रावास अधीक्षक के शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना एवं सार्वजनिक रूप से बेइज्जती कर छात्र को आत्महत्या हेतु उकसाया गया। समाज के आवेदन निवेदन करने पर भी प्रथम दृष्टया लापरवाह/जिम्मेदार लोगों पर आज पर्यंत तक कोई भी कार्यवाही जिला प्रशासन ने नहीं किया है। जिससे समाज में दिनों दिन आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। त्वरित एवं न्यायोचित कार्यवाही नहीं होने के कारण सर्व आदिवासी समाज जिला नारायणपुर एवं बस्तर संभाग वो समस्त जिलों के पदाधिकारियों के सहयोग से मंगलवार को सम्पूर्ण नारायणपुर बंद का आह्वान किया गया था।



### बालक बुनियादी आदर्श विद्यालय के अधीक्षक निलंबित

बालक बुनियादी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आवासीय परिसर गरांजी के प्रभारी अधीक्षक ओंकार सिंह ठाकुर को प्रथम दृष्टया शासकीय कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही बरतने एवं पदीय कर्तव्यों के पालन में अशिष्टता तथा संव्यवहार में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर बिपिन मांझी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी नारायणपुर द्वारा उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायत के संबंध में जाँच कराया गया। जाँच में ओंकार सिंह ठाकुर को शिकायत सही पाया गया। निलंबन अवधि में ओंकार सिंह ठाकुर शिक्षक एलबी, प्रभारी अधीक्षक का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ओरछा नियत किया गया है। उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## आंदोलन : लिखित आश्वासन के बाद हटीं छात्राएं

# छात्र संगठन ने गर्ल्स आवासीय कॉलेज छात्रावास संचालन कराने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

जिले में संचालित रमोंतीन मड़यिा महिला कॉलेज की छात्राएं सैकड़ों की संख्या में एनएसयूआई के साथ कलेक्टर घेराव को पहुंची। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ के सभी जिले में आवासीय गर्ल्स कॉलेज की स्थापना की गई थी। जिसके तहत जिले में भी गर्ल्स कॉलेज का संचालन किया गया पर गर्ल्स कॉलेज जिले में संचालित तो किया गया पर आवासीय गर्ल्स कॉलेज जो विगत तीन वर्ष से संचालित हो रही है उसका हॉस्टल संचालित नहीं होने से जिले के अंदरूनी इलाके अबूझमाड़ से शिक्षा ग्रहण करने आने वाले छात्राओं को जिले में रह कर अध्ययन करने में बहुत से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने आज कन्या महाविघालय के सैकड़ों छात्राओं के साथ कलेक्टर ऑफिस का घेराव किया। शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर घंटों धरने पर बैठे रहे । जिले के दो सौ से भी अधिक बच्चों के आवासीय महाविघालय की हॉस्टल संचालन नहीं होने से नारायणपुर जिले के आस पास से आ रहे ग्रामीण इलाके के छात्राओं को किराए के मकान में रह कर कॉलेज आना जाना करना पड़ता है और अबूझमाड़ इलाके में अधिकतर व्यक्तियों की आय का साधन कृषि है। जिसके चलते अपने बच्चों को वह स्कूल तक की शिक्षा गांव में ही करवा कर आगे की शिक्षा ग्रहण कराने गांव से शहर महाविघालय की ओर भेजते हैं। उनको हॉस्टल नहीं मिल पाने से आधे से ज्यादा बच्चे पढ़ाई छोड़ कर गांव वापस चले जाते है।

■ एनएसयूआई के साथ सैकड़ों छात्राएं पहुंची कलेक्टर कार्यालय





### भाजपा सरकार फेल नजर आ रही : कर्मा

ओरछा अबूझमाड़ जनपद उपाध्यक्ष उमेश कर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए अबूझमाड़ के बच्चे आगे आकर पढ़ाई करते है तो वह गांव के विकास में भी अपना योगदान देते है। एक ओर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा सरकार चलाती है पर सर्व शिक्षा प्रदाय करने में भाजपा सरकार फेल नजर आ रही है।

### पढ़ाई छोड़ने को मजबूर

बीएससी फाइनल में अध्ययनरत छात्रा मोनिका नेताम ने बताया कि वह लगातार जिला प्रशासन और महाविघालय प्राचार्य से छात्राओं को रहने में हो रही परेशानियों को लेकर कई बार अवगत कराया पर कोई रास्ता नहीं निकला रहा है। जिससे हमारे कुछ साथी पढ़ाई छोड़ कर गांव पावस जाने को मजबूर है । जिला अध्यक्ष विजय सलाम ने बताया कि पूर्व भूपेश बघेल की सरकार में छात्राओं को शिक्षा से मजबूत बनाने गांव से निकल कर शहर में रह कर पढ़ाई कराने के उद्देश्य से आवासीय महाविघालय की घोषणा की थी जो संचालित होने भी शुरू हो गया एवं हॉस्टल का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है उसके बाद भी प्रशासन हॉस्टल संचालित करने में रुचि नहीं दिखा रही जिससे हमारे अबूझमाड़ के बच्चियों को आवासीय छात्रावास की सुविधा नहीं मिल पा रही और वह वापस अपने गांव पढ़ाई छोड़ कर चले जा रहे है जो कि कहीं न कहीं छात्राओं के अधिकार को मारा जा रहा है।

## बस्तर को हराकर नारायणपुर अंडर 19 क्रिकेट टीम पहुंची सेमीफ़ाइनल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 तीन दिवसी इंटर डिस्ट्रिक टेस्ट सलेक्शन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। जिसमें नारायणपुर की अंडर-19 क्रिकेट टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है। ग्रुप स्टेज के पुल बी में पहला मैच 24 नवम्बर को नारायणपुर का मुक़ाबला रायपुर से साथ दल्ली राजहरा में हुआ जिसमे नारायणपुर ने शानदार जीत दर्ज की थी। इसके बाद दूसरा मैच दंतेवाड़ा के साथ कांकेर में हुआ। जिसमें दंतेवाड़ा को एक पारी और 193 रनों से रौंदा था। जिसके बाद ग्रुप स्टेज में आख़िरी टीम बस्तर के साथ 2 दिसंबर को दल्लीराजहरा के बीएसपी ग्राउंड में हुआ है यह मैच क्वाटरफ़ाइनल के रूप में देखा जा रहा था क्योंकि ग्रुप बी में बस्तर और नारायणपुर के बराबर पॉइंट थे जो टीम विजयी होगी वह सेमीफ़ाइनल पहुँचेगी। जिस महत्वपूर्ण मुक़ाबले में नारायणपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला लिया टीम बस्तर को पहली पारी में 52.5 ओवर में 169 रनों पर ऑल आउट कर दिया अच्छी गेंदबाज़ी में मिली सफलता आत्मविश्वास का असर बल्लेबाजी में भी दिखाई दिया पहली पारी मे नारायणपुर ने कुल स्कोर 52.5 ओवर में 206 जा पहुँचा नारायणपुर को पहली पारी में कुल 37 रन की बढ़त मिल चुकी थी इसी बढ़त के ख़त्म कर टारगेट देने के उम्मीद से बस्तर की टीम बल्लेबाज़ी करने उतरी जिसमे पूरी टीम कुल 30 ओवर में रन 97 रन बनाई। नारायणपुर को 61 रन का टारगेट मिला जिसे 6 विकेट खो कर जीत हासिल की नारायणपुर का अगला मुक़ाबला 6 से 8 दिसम्बर को बिलासपुर ब्लू के साथ सेमीफ़ाइनल होगा। जिसे जीतने वाली टीम एलिड ग्रुप में प्रवेश करेगी नारायणपुर के खिलाड़ियो व खेल प्रेमियों के लिये ये एक बहुत सवर्णिम पल है जिसमे अबुझमाड़ के खिलाड़ी पूरे छत्तीसगढ़ के खेलप्रेमियो को नारायणपुर की प्रतिभा के दर्शन करवा रहे हैं।

■ स्टेट क्रिकेट संघ का अंडर- 19 तीन दिवसीय इंटर डिस्ट्रिक टेस्ट सलेक्शन क्रिकेट टूर्नामेंट

## पेज 9 के शेष

### बांग्लादेश में हिन्दुओं...

के लोग मौजूद थे। विहिप नेता कैलाश राठी ने मंच का संचालन किया।

बांग्लादेश में लूटपाट बलात्कारः वक्ताओं ने कहा कि हाल ही में आध्यात्मिक गुरू इस्कॉन के चिन्मय कृष्णदास को अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया है जो न केवल उनके अनुयायियों के धार्मिक भावनाओं को आहत करता है बल्कि न्याय व मानवता के सिद्धांतों पर भी प्रहार है। पिछले कुछ वर्षों से बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, लूटपाट, बलात्कार, हत्या और जबरन धर्मान्तरण जैसी घटनाएं बढ़ी है, विशेषकर तख्ता पलट के बाद यह हिंसा और भी अधिक गंभीर हो गई है। मंदिरों का विध्वंस किया जा रहा है ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के हिन्दू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है जिससे न केवल हमारी धार्मिक धरोहर को हानि पहुंच रही है बल्कि यह हिन्दू समाज के आत्मा पर भी आघात है।

### सड़क किनारे झाड़ियों...

के करीब ही कपड़े और चप्पल बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से सभी सबूत इकट्ठा कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने आस पास के लोगों से शव की शिनाख्त करवाई लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव के पास से किसी भी तरह के पहचान संबंधित दस्तावेज बरामद नहीं किए जाने से पुलिस थानों से गुमशुदगी की जानकारी इकट्ठा कर रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि महिला की उम्र 20 से 30 के बीच है और वारदात हुए 10-12 दिन हो गए हैं। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका लग रही है हर एंगल में जाच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा। महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

### सीमावर्ती राज्यों के...

84 हजार 030 रूपए एवं 8 वाहनों से ई-चालान में एक लाख 41 हजार रूपए समझौता शुल्क वसूला किया गया। हालांकि बेरियर में ओव्हरलोड एवं बकाया टैक्स वाली वाहन नहीं मिले। बताया जा रहा है कि बेरियर में परिवहन विभाग ने धर्मकांटा का निर्माण किया पर जिस जमीन पर धर्मकांटा बनाया गया वह जमीन विवादित होने के चलते धर्मकांटा 6 माह से शुरू नहीं किया गया।

24 घंटे वाहनों की हो रही जांच : चेक पोस्ट के प्रभारी एवं निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बेरियर में 24 घंटे परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर जांच की जा रही है। इसलिए चालक एवं मालिक वाहन नियमों का पालन करें।

### फिल्मी स्टाइल में...

लगभग एक लाख 93 हजार 200 रूपए बताई जा रही है।

अवैध धान लाना प्रतिबंधित : राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने निर्देश दिया कि मंडी क्षेत्र में अन्य प्रांतों, अंतर जिला से अवैध धान लाना प्रतिबंधित है। उल्लंघन की स्थिति में कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### 2-2 किग्रा के 3....

के 3 टिफिन बम बरामद किया गया। जिसे बीडीएस टीम द्वारा सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक घटना स्थल पर ही विस्फोट का नष्ट किया गया। जिला कोण्डागांव में सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, जगदलपुर, पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर बस्तर रेंज, कांकेर श्री अमित तुकाराम कांबले के कुशल मार्गदर्शन एवं वॉय अक्षय कुमार , पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के निर्देशन तथा रूपेश कुमार डाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ऑप्स जिला कोण्डागांव के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।

### खड़े ट्रक से टकराई...

रहा है। कोड़ेनार पुलिस ने बताया कि बड़े किलेपाल निवासी जुगलू पिता चैतू 25 वर्ष क्षेत्र में लगने वाले बाजारों में जाकर टार्च के साथ ही घरेलू समान बेचने का काम करता था। बीती रात को वह परिचित की युवती से साथ गीदम से बड़े किलेपाल कि ओर आ रहा था। इसी दौरान किलेपाल तीन नम्बर के करीब सड़क पर खड़े ट्रक से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची कोड़ेनार पुलिस व आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए डिमरपाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उपचार के दौरान जुगलू की मौत हो गई वहीं घायल युवती का उपचार जारी है। घटना की जानकारी लगते ही परिजन व परिचित मेकाज पहुंचे जिसके बाद युवक के शव को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोंडागांव में बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ विशाल जनसभा




कोण्डागांव। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कोंडागांव के चौपाटी मैदान में सनातनियों ने एक विशाल जनसभा का आयोजन किया। इस सभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की। सभा के दौरान वक्ताओं ने बांग्लादेश सरकार से मांग की कि वह हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म दुनिया का सबसे पुराना धर्म है और हिंदू धर्म को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने भारत सरकार से भी अपील की कि वह बांग्लादेश सरकार पर दबाव डाले ताकि हिंदू समुदाय को सुरक्षा मिल सके। सभा में उपस्थित लोगों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारे लगाए। उन्होंने कहा कि वे बांग्लादेश में अपने हिंदू भाइयों के साथ खड़े हैं और उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह जनसभा इस बात का प्रमाण है कि भारतीय जनता बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों से बहुत दुखी है और वे चाहते हैं कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो।

विधायक लता उसेंडी ने प्रतियोगिता में शामिल होकर दिव्यांगों का किया उत्साहवर्धन

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर शारीरिक, बौद्धिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय ऑडिटोरियम में हुआ। इस मौके पर विधायक सुश्री उसेण्डी ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक सुश्री उसेण्डी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगो में असीम प्रतिभाएं होती है। ऐसे आयोजनों से उन्हें सामने लाने का मौका मिलता है। सरकार दिव्यांगजनो के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके हित के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। जिससे उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं मिल रही है। जिले में दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समग्र शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिन्हाकंन एवं आवश्यकता अनुसार उपयोग में आने वाले संसाधनों के लिए विद्यालयों के अध्ययनरत बच्चे शामिल हुए।




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती ललिता लकड़ा, समग्र शिक्षा अधिकरी महेन्द्र पाण्डे सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

### जिले में कुल 1570 दिव्यांग बच्चे

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों को सम्मिलित करने का मुख्य उद्देश्य इनको उचित अवसर प्रदान करते हुए सर्वांगीण विकास करना है। जिले में कुल 1570 दिव्यांग बच्चे हैं, जिनमें 918 दिव्यांग प्रमाण पत्र वाले बच्चे हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा 896 बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाती हैं।



### जिले से 500 से अधिक दिव्यांगजन शामिल हुए

सुश्री उसेण्डी ने मैदान में पहुंचकर विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दिव्यांग प्रतिभागियों से भेंट कर परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इंडोर स्टेडियम सह आडिटोरियम कोण्डागांव में जिले से 500 से अधिक दिव्यांगजन शामिल हुए। दिव्यांगों ने इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेल में भरपूर उत्साह दिखाया। प्रतियोगिता में ट्रायसायकल दौड़, सामान्य दौड़, मटका फोड़, नींबू दौड़, गोला फेंक, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। रंगोली एवं चित्रकला में मुख्य थीम नशा मुक्त भारत अभियान पर विभिन्न प्रकार के चित्र व रंगोली बनाया गया, जिसमें 150 दिव्यांगजनों को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में 02 ट्रायसायकल, 02 व्हील चेयर एवं बैशाखी भी प्रदान किया गया।

## मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने बांटा पुरस्कार

# केरागांव में तीन दिवसीय जोन स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केरागांव में तीन दिवसीय शारीरिक, बौद्धिक, संस्कृतिक क्रिड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक आयोजन किया गया। जिसका समापन समारोह का आयोजन 2 दिसम्बर दिन सोमवार को किया गया। जिसमें तीन संकुल से हरवेल, बालेंगा, बासकोट से 15 प्राथमिक और 9 माध्यमिक शाला से लगभग तीन सौ से अधिक बालक-बालिकाएं शामिल हुए कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ राज्य महातारी एवं विध्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें चित्रकला निबंध, तात्कालिक भाषण, प्रश्नोत्तरी, कबड्डी खो-खो व्हालीबाल मेंढ़क दौड़ रिले रेस रस्सी खींच आलू दौड़, जैसे सभी लोगों ने शानदार प्रदर्शन किया। हजारों के दर्शक आस पड़ोस के ग्राम के लोग शामिल हुए जिसमें एकल नृत्य में मां शाला हरवेल द्वितीय स्थान मां शाला डिहीपारा, सामुहिक नृत्य में मां शाला राहटीपारा द्वितीय स्थान मां शाला तराईबेडा, चित्रकला प्रतियोगिता में उर्वशी मरकाम मां शाला राहटीपारा द्वितीय स्थान मां शाला बालेंगा, निबंध प्रतियोगिता में कु पुर्णिमा मां शाला डिहीपारा, द्वितीय स्थान प्राची मां शाला हरवेल, मां वर्ग बालक कबड्डी प्रथम मां शाला राहटीपारा द्वितीय मां शाला उइकापारा, बालिका प्रथम मां शाला राहटीपारा द्वितीय स्थान मां शाला तराईबेडा, बालक खो-खो प्रथम मां शाला कुल्दाडिही, द्वितीय स्थान मां शाला बालेग़ा, बालिका प्रथम मां शाला हरवेल, द्वितीय मां शाला कुल्दाडिही, लंबी कुद बालिका प्रथम स्थान मां शाला पीढापाल कु निकिता, द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला डोंगरीपारा कु राधा, बालक वर्ग बालक आश्रम हरवेल शिवम्, द्वितीय स्थान प्रा शाला कुल्दाडिही करण, प्राथमिक वर्ग बालक खो-खो प्रथम स्थान प्रा चमन रहा प्रथम, दूसरे स्थान पर रहा श्रवण 80 मीटर दौड़ प्रथम चमन कुमार प्राथमिक शाला बालेंगा, द्वितीय स्थान श्रवण कुमार बालक आश्रम हरवेल, प्राथमिक वर्ग बालिका प्रथम लक्ष्मी शोरी प्रा शाला बाजार पारा, द्वितीय स्थान उग्रेश मरकाम मां शाला हरवेल रहा। तत्पश्चात उद्बोधन में मुख्य अतिथि देवचंद मातलाम ने कहा कि सभी ने इस खेल में शानदार प्रदर्शन किया आगे भी ऐसा ही प्रदर्शन करते रहे पढाई के साथ साथ खेलना भी जरूरी है असफलता से ही सफलता मिलती है।





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम को सफल बनाने में मौजूद रहे मुख्य अतिथि देवचंद मातलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव अध्यक्षता कमलेश नेताम सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत केरागांव विशिष्ट अतिथि प्रमिला मरकाम जिला पंचायत सदस्य कोंडागांव, प्रेमशिला मंडावी अध्यक्ष जनपद पंचायत बड़ेराजपुर, श्यामा साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बड़ेराजपुर, लच्छनतीन नाग पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रजनी नेताम जनपद सदस्य, रघुनाथ मरकाम जनपद सदस्य, रमल नेताम सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बासकोट, मानकीबाई मरकाम सरपंच बालेंगा, महेश नेताम सरपंच प्रतिनिधि हरवेल, मन्नु सोरी सरपंच प्रतिनिधि पीढापाल, राजकुमारी मरकाम पूर्व सरपंच, चिंता राम शार्दुल वन समिति अध्यक्ष, आत्माराम सिन्हा ग्राम पटेल एवं खंड शिक्षा अधिकारी बड़ेराजपुर कवलसिंह पोया, बीआरसी बीआरपी, समस्त संकुल प्राचार्य, सहित ज़ोन प्रभारी हिरालाल बघेल, बी एस नेताम, पुरूषोत्तम नायक, फुलसिंह नेताम सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाए विधार्थी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### लिलेश देवांगन बने जिला सचिव



**दरभा।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के कर कमलों से लिलेश कुमार देवांगन व्याख्याता स्वाआउहिं शाउमा घाटलोहंगा को जिला बस्तर के भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ बस्तर का जिला सचिव नियुक्त किया गया। साथ ही मृदुला दिलासी लाल, हाई स्कूल घाटधनोरा को जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड बनाया गया है, जिला मीडिया प्रभारी विजय चंद्रकार व्याख्याता शाउमावि नानगुर को बनाया गया। सभी पदाधिकारियों के नियुक्त होने पर जिला मुख्य आयुक्त संजय पांडे, जिला आयुक्त स्काउट सह पदेन जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला आयुक्त गाइड सुधा परमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट दसरु राम यादव, जिला संगठन आयुक्त गाइड मीरा हिरवानी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त जेपी पाठक ने भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

### निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम,वीवीपैट का निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए है। इस तारतम्य में आज 3 दिसंबर को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का आज निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्ही व्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी, निर्वाचन सुपरवाइजर अजय नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने दिए निर्देश

# धान खरीदी केंद्र गुडरा, रानीबहाल और सुकमा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़ के धान खरीदी केंद्र गुडरा और रानीबहाल सहित धान खरीदी केंद्र सुकमा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी केंद्र गुडरा, रानीबहाल और सुकमा में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्रा एवं धान के उठाव के संबंध में जानकारी ली।

■ मापक यंत्र से खरीदे गए धान की गुणवत्ता की भी जांच की

इस अवसर पर कलेक्टर ध्रुव ने अपने धान की बिक्री हेतु धान खरीदी केंद्र में पहुँचे कृषकों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने किसानों को बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपये की दर से धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित कृषकों से धान बिक्री की राशि मिलने की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता व नमी की मात्रा, धान खरीदी हेतु टोकन, समिति प्रभारी से कुल धान खरीदी की मात्रा, धान उठाव की स्थिति, पंजीकृत किसानों एवं धान क्रय कर चुके किसानों की अद्यतन स्थिति, बारदाना की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने बारदानों के अवलोकन के अलावा मापक यंत्र से खरीदे गए धान की गुणवत्ता की भी जांच की। जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाया गया। किसानों ने धान खरीदी केंद्र के बेहतर व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने जिले के अंतरराज्यीय सीमावर्ती चेकपोस्ट पर अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा सुकमा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए

कलेक्टर ध्रुव ने विकासखण्ड छिंदगढ़ स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रानीबाहल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक और आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से रूबरू हुए। उन्होंने कक्षाओं में पढ़ाई की गुणवत्ता, छात्राओं के रहन-सहन की स्थिति, भोजन व्यवस्था, और परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया। विद्यालय परिसर में सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हुए, उन्होंने छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी बालिकाओं को बेहतर शिक्षा और सुरक्षित माहौल मिले।

# 500 आदिवासी छात्रों को नहीं मिल रहा भोजन सहायता राशि

### एआईएसएफ ने लगाया अफसरों पर छात्रों के हितों को अनदेखी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले में पोस्ट मैट्रिक अजा बालक छात्रावास के छात्रों को नए शिक्षा सत्र 2024-25 का भोजन सहायता राशि नहीं मिल पाई है। इसके चलते यहां निवासरत छात्र खुद के खर्च पर खाना बनाते हैं और पढ़ाई करते हैं। जिले में संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में करीब 500 से ज्यादा छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं।

■ लगातार समस्या से अवगत करने के बाद प्रशासन और ट्राइबल विभाग सुनने को तैयार नहीं

पिछले शिक्षा सत्र 2023-24 का पोस्ट मैट्रिक भोजन सहायक राशि करीब 35 लाख रुपए नहीं मिला है। एसआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने बताया कि इस संबंध में छात्र व अधीक्षकों के द्वारा प्रशासन और आदिवासी विकास विभाग को लिखित व मौखिक सूचना दी गई है। राशि नहीं मिलने से मेष संचालन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक सप्ताह के भीतर समस्या का निराकरण नहीं किए जाने से एआइएसएफ छात्रों के साथ अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

महेश कुंजाम ने बताया कि एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में 160, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास सुकमा में 57, बालक छात्रावास कुम्हाररास में 119, बालक छात्रावास कोंटा में 105, कन्या छात्रावास कोंटा में 34, कन्या छात्रावास गादीरास में 33 छात्र-छात्राएं अतिरिक्त रहकर पढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एआईएसएफ ने लगातार विद्यार्थियों को होने वाली समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया है।

लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला व ब्लॉक मुख्यालयों में स्थित सभी छात्रावासें में वर्षों से स्वीकृत सीट 50 है। सीट वृद्धि की मांग को लेकर कई बार आंदोलन तक कर चुके हैं। क्षेत्र के आदिवासी छात्रों को यह सुविधा नहीं मिलने से शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। मेष संचालन के लिए आदिवासी छात्रों को प्रति माह 300 रुपए चंदा करना पड़ रहा है।

# ग्राम तुमनार में चलाया गया लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले में 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



इस परिप्रेक्ष्य में गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बड़े तुमनार में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश द्वारा महिला एवं बाल विकास की विभागीय योजनाओं के साथ-साथ महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा से संरक्षण, मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर चाईल्ड लाईन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के विषय में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में बीबीबीपी अन्तर्गत गर्भवती माताओ का गोदभराई व बालिकाओं का अन्नप्राशन करने के अलावा महिलाओं एवं बच्चों के कानूनी अधिकार के संबंध में पंपलेट देकर प्रचार प्रसार किया गया। इसके साथ ही शासकीय कन्या महेन्द्र कर्मा महाविद्यालय में भी जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित 120 बालिकाओं को महिलाओं व बच्चों के कानूनी अधिकारों के विषय में विस्तार जानकारी, देते हुए बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ लिया गया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याताओं, बालिकाओं एवं महिला बाल विकास के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में सरक्षण अधिकारी श्रीमती मनीषा ठाकुर सखी प्रभारी संगीता देवागन बाल संरक्षण इकाई से काउंसलर शशिकांत आ. प्राचार्य डॉ विवेक शर्मा, स्थानीय समिति अध्यक्ष श्रीमती पार्वती परिहार, राजेन्द्र सिंह राज, अर्चना झा व्याख्याता, रेखा सिंह, एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# विधायक ने धान खरीदी केंद्र का लिया जायजा

### किसानों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर जिला धान खरीदी प्रभारी एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल आज जिले विभिन्न धान खरीदी केंद्र में जाकर जायजा लिया, जिसमें ग्राम सोनारपाल, चपका, बालेंगा, खोरखोशा,धान खरीदी केंद्र में पहुंचकर किसानों से चर्चा किया। पूरे प्रदेश में सरकारी धान खरीदी की प्रक्रिया चल रही है। इस पूरी प्रक्रिया में अव्यवस्था के आरोप लगा रही कांग्रेस पार्टी ने आज से धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरुआत की है।



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल धान खरीदी में काम करने वाले मजदूरों से चर्चा करते हुए पूछा की आप लोगों को मजदूरी कितना मिलता हैं, इस पर सोनारपाल और चपका के मजदूरों ने कहा की प्रत्येक बोरा में 4 रूपये मिलता हैं, वहीं बालेगा, खोरखोशा, रेटावंड में 5 रूपये प्रत्येक बोरा देने की बात कहीं। धान खरीदी केंद्र में काम करने वाले मजदूरों से स्वास्थ्य संबंधित चर्चा करते हुए लेम्पस प्रबंधक को दिशा-निर्देश देते हुए कहा की मजदूरों को काम करते हुए धूल, धुंआ से बचने हेतु इन्हें मास्क देकर इससे बचाव का कार्य करें। बस्तर विधायक ने कहा कि किसानों से लिमिट से ज्यादा मात्रा में धान तौल कर लिया जा रहा है, वहीं धान का अब तक उठाव शुरू नहीं होने से आने वाले दिनों में खरीदी बंद करने की नौबत आ सकती है।

प्रदेश भर के राइस मिलर्स ने पिछले दिनों अपने बकाये की मांग को लेकर धान का उठाव करने से इंकार कर दिया था। इस बीच सरकार से हुई बातचीत के बाद राइस मिलर्स ने धान के उठाव के लिए कार्यालयीन प्रक्रिया की शुरुआत की है।इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य गणेश बघेल, श्यामकुमारी ध्रुव, शोभाराम मरखंडेय, राम्याराम मौर्य, रियाज खान, हेमराज बघेल, जीवनाथ ठाकुर, नवसन खवास, छेदी बघेल, बुधसन कश्यप, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, हरदास बघेल, आयतु मौर्य, बंशी देहारी, खीरसिंह, उमेश भंडारी, लखेश्वर, हिरासिंह, रघुनाथ यादव एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूम न्यूज ⏭ सुकमा

दोरनापाल नगर के हाई स्कूल मैदान में मंगलवार से आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ हुआ। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रहीं थीं। भक्ति संगीत में झूमते श्रद्धालु जयकारे लगाते चल रहे। कथा 3 दिसंबर से प्रतिदिन संध्या 6 बजे से प्रारंभ होकर 9 बजे तक संचालित होगा। कथा का समापन 10 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ भव्य भंडारा होगा। कलश यात्रा हाई स्कूल मैदान से आरंभ हुई और महिलाए शबरी नदी के तट पर कलश में जल भरकर नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया गया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान पोथी सिर पर धारण कर चल रहे थे। इस दौरान लोगों ने उनका पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया।

■ हाई स्कूल मैदान में 3 दिसम्बर से 9 दिसंबर तक चलेगी भागवत कथा





### कलश यात्रा का बड़ा आध्यात्मिक महत्व

वृंदावन से पधारे कथावाचक पूज्या सुश्री दीपा किशोरी ने पहले दिन कलश यात्रा के आध्यात्मिक महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कलश यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ- साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश यात्रा में शामिल होने वाले जहां से भी भ्रमण करते हैं, वहां की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है, जो कलश रखते हैं उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र करते हैं। इस मौक़े पर अध्यक्ष संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, रिंकू प्रसाद गुप्ता, दुलाल मिस्त्री, बलवंत चौहान, मनीष गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, अर्जित हलदर, व सभी भक्तगण नगर की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पामेड़ में बीएसएनएल ने मोबाईल टावर को 4जी में किया अपग्रेड

**बीजापुर।** बीजापुर के सबसे सुदूरवर्ती क्षेत्र तेलंगाना के सीमा पर लगे पामेड़ में 2 दिसंबर को बीएसएनलएल बीएसएनलएल की टीम द्वारा मोबाईल टावर को 2जी से अपग्रेड कर 4जी सेवा प्रारंभ किया गया । वर्ष 2014-15 में पामेड़ में बीएसएनलएल का टावर स्थापित किया गया था जो सेटेलाईब बेस था । बीएसएनलएल द्वारा क्षेत्र में 2जी एवं 3जी टावर को अपग्रेड कर 4जी किया जा रहा है एवं नए 4जी टावर स्थापित किए जा रहे है। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सबसे अधिक बीएसएनलएल उपभोक्ता है। पामेड़ क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित बीएसएनलएल टावर के अपग्रेड होने से उपभोक्ता को अच्छी वाईस की सुविधा के साथ साथ डाटा में भी अच्छी स्पीड मिल रही है। क्षेत्र में बीएसएनलएल टावर अपग्रेड होने से ग्रामीणों को सस्ती दर पर डाटा एवं वाईस की सुविधा उपलब्ध हो पायेगी। ज्ञात हो कि जिले के अंतिम छोर पर बसे पामेड़ क्षेत्र में सड़क बिजली पानी स्कूल अस्पताल एंबुलेंस सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तेजी से हो रहा है जिससे पामेड़ वासी ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को विकास की सौगात देने के लिए लगातार धन्यवाद ज्ञापित भी कर रहे हैं।

# कोटपा एक्ट अंतर्गत उसूर ब्लॉक में चालानी कार्यवाही

हरिभूम न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले में तम्बाकू सेवन उपयोग के नियंत्रण एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रवर्तन दल के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत उसूर ब्लॉक में चालानी कार्यवाही किया गया।

उक्त कार्यवाही कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश सिंग ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया । उक्त कार्यवाही में 35 चालान के माध्यम से 7250 रुपए की राशि प्राप्त किया गया कार्यवाही अंतर्गत धारा 04 के तहत सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान सेवन प्रतिबंधित है। धारा 06 अ के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पाद बेचने व खरीदने पर प्रतिबंध



धारा 06 ब के तहत स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंध है। तम्बाकू उत्पादों का सेवन करते पाये जाने पर समझाईश देने के साथ-साथ धूम्रपान रहित क्षेत्र व नाबालिग बच्चों के खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए चलानी कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में स्वास्थ्य विभाग से नोडल एनटीसीपी डॉक्टर मनोज लम्बाड़ी, डॉ नैतिक मंडावी एएमओ उसूर, डॉ नीतू चन्द्रवंशी एएमओ उसूर, प्रियंका मौर्या एएनएम एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धान खरीदी केंद्र पहुंचे विधायक लखमा अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत सुकमा जिला प्रभारी और पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने मंगलवार को कोंटा ब्लॉक के चिंतागुफा, कांकेर लंका और पोलमपल्ली धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नक्सल प्रभावित इलाकों में संचालित उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी नहीं होने से समिति प्रबंधन पर गहरी नाराजगी जताई। खरीदी केंद्रों में हो रही लेटलतीफी को लेकर समिति के जिम्मेदारों पर जमकर भड़के। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में किसी प्रकार की परेशानी किसानों न हो।

■ चिंतागुफा, कांकेर लंका और पोलमपल्ली केंद्रों का किया निरीक्षण

इस दौरान कवासी लखमा ने धान खरीदी केंद्रों में साथ जिला पंचायत अध्यक्ष बोड्डू राजा, करतम मुया, माड़वी देवा, सोयम भीमा, सुशांत राय, यूथपति यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कार्यालय तहसीलदार दरभा, जिला बस्तर (छ.ग.)**

ई- कोर्ट-202411150100003 रा.प्र.क्र./अ-21 (4)/2024-25

**// इस्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर के रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट/202411150100003/8/अ-21(4) / 2024-25 आवेदक / विक्रेता क्रमांक 1. श्री सुखदेव पिता सखराम उम्र 61 वर्ष क्रमांक 2. श्रीमती सैतबती / सुखदेव, उम्र 59 वर्ष दोनों जाति पनारा निवासी ग्राम मंगनार तहसील दरभा जिला बस्तर के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मंगनार पटवारी हल्का नम्बर 04 राजस्व निरीक्षक मण्डल नेगानार तहसील दरभा में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 152 रकबा 0.890 हे. भूमि को क्रेता श्री रविन्द्र कुमार बघेल पिता दामुधर सिंह बघेल, उम्र 34 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम मंगनार तहसील दरभा जिला बस्तर के पक्ष में विक्रय अनुमति बाबत संहिता की धारा 165 (7) बी के तहत आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में ग्रामवासियों को जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालय के नियत तिथि 16/12/2024 के पूर्व स्वंय या अपने अधिवक्ता के माफर्त से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है मियाद पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह हस्ताक्षर आज दिनांक 02/12/2024 को मेरी हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर

तहसीलदार
दरभा



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धर्म विशेष पर अत्याचार का होगा विरोध : नवनीत



जगदलपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद में जारी विज्ञप्ति में बताया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार का कड़ा विरोध करते हैं। बस्तर में जिस तरह से ईसाई धर्म के लोगों को टारगेट कर उनके साथ अन्याय किया जा रहा है इसका भी हम विरोध करते हैं। राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार बस्तर में हो रहे इस तरह के अत्याचार को संज्ञान ले। उन्होंने कहा कि बस्तर में धर्म विशेष के लोगो को टारगेट कर प्रताड़ित किया जा रहा है इसे लेकर राज्य और केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### सीईओ जिपं ने किया आवास कार्यों का निरीक्षण



जगदलपुर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगई जिला पंचायत बस्तर ने बकावंड के 3 ग्राम पंचायतों कुम्हरावंड, बारदा एवं बकावंड में नरेगा, आवास के कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें मनरेगा अंतर्गत कुम्हरावंड में एनआरएम कार्य का निरीक्षण किया, बारदा में मिनी पर्कुलेशल टैंक और बकावंड में आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने तकनीकी सहायकों को कार्य के गुड़वत्ता सुधारने व रोजगार सहायक को फील्ड में मस्टर रोल, मेट पंजी संधारण करने निर्देशित किया।

### दशापाल में हुआ फेस्टिवल ऑफ कैरोल



जगदलपुर। मेथोडिस्ट चर्च दशापाल में फेस्टिवल ऑफ कैरोल कार्यक्रम किया गया। इस वर्ष के मसीह जन्म उत्सव के आगमन के पहले सप्ताह के उपलक्ष्य में इस कैरोल कंपटीशन को रखा गया। मेथोडिस्ट चर्च इन इंडिया मध्य प्रदेश रिजनल कांफ्रेंस में जिला अधीक्षक रेव्ह. विक्टर डेनियल अतिथि वक्ता रहे। मेथोडिस्ट चर्च के युवा सलाहकार रेव्ह. फ्रेड्रिक सोमा, अभिनव थॉमस और सिद्धार्थ भद्रसेन ने निर्णायक की भूमिका निभाई और कार्यक्रम का संचालन ईंफ्रास मसीह और कुंजवती बघेल द्वारा किया गया। साथ ही साथ स्थानीय प्रभारी पास्टर रजत डेविड चर्च कमेटीं सदस्य व स्थानीय प्रेम नाथ नाग, मोहन प्रसाद नाग वा अन्य समिति के सदस्य रहे। कार्यक्रम में विभिन्न चर्च और पूरे मसीह समाज ने इस प्रतिस्पर्धा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसका प्रथम मेथोडिस्ट चर्च कस्तूरी, द्वितीय मेथोडिस्ट चर्च छमापुर एवं तृतीय पुरस्कार बेथेल मेथोडिस्ट चर्च नलपावंड को प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी अनिमेष दास दी।

## वार्डवासियों ने कलेक्टर से की शिकायत

# अवैध कब्जा हटाने शिक्षक के खिलाफ खुला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज : बीजापुर

नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमाक 10 के मोहल्लेवासियों ने अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार नगर पालिका परिषद पहुंचकर शिकायत दर्ज किया था। लेकिन नगर पालिका परिषद ने अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाने में नाकाम साबित हुई है। यहां सोमवार को अवैध कब्जा हटाने को लेकर वार्ड क्रमांक 10 मोहल्ला समिति के अध्यक्ष मुन्ना उरसा के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर अवैध कब्जाधारी के खिलाफ शिकायत की है। वहीं वार्ड क्रमांक 10 श्यामाप्रसाद मुखर्जी चट्टानपारा के वार्ड वासियों ने इस बारे में बताया कि पिछले 2019 को सामुदायिक भवन के पृष्ठ भूमि में आंगनबाड़ी भवन के लिए भूमि को आरक्षित किया गया था। लेकिन उस भूमि पर शिक्षक मोहन तोगर के द्वारा जबरन अवैध कब्जा कर रखा है। वार्ड वासियों ने बताया कि शिक्षक मोहन तोगर ने नगर के वार्ड क्रमाक 08 में दो मकान बनाकर रखा है वहीं दूसरे मकान को भाडे में भी दे रखा है। वार्डवासियों ने आगे बताया कि शिक्षक मोहन तोगर के द्वारा दीपावली अवकाश के मध्य सामुदायिक भवन के पृष्ठ भूमि में तोड़फोड़ किये गये अवैध मकान पर दोबारा अवैध कब्जा किया है।



मोहल्ला समिति के अध्यक्ष मुन्ना उरसा ने बताया कि अवैध कब्जा लेकर वार्डवासियों के द्वारा कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है। मुन्ना उरसा ने बताया कि बार-बार शिकायत के बाद किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है। शासन-प्रशासन इसे संज्ञान में लें और अवैध कब्जाधारियों पर कार्यवाही करें। इस दौरान राजू पुनेम, रामप्रसाद मरकाम, कमलू ताती, जुम्मुक उरसा, सुनील झाडी, केजी विजय, नरसा पुलसे, शन्नू हेमला, मुकेश दुर्गम, पापैया जुमार, जुमडे शंकर, राधा केजी, प्रकाश जागर, लच्छींदर हेमला,बुधराम हेमला,बाबू अंगनपल्ली,बोनी पुलसे,मंगलू मंडावी के अलावा धर्मेंद्र साहू मौजूद थे।

# एकमुश्त धान खरीदना छोड़ भाजपा सरकार किसानों के साथ कर रही धोखा : मौर्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बड़ेमुरमा, नानगुर व जमावड़ा धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया।

मौर्य खरीदी केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने धान खरीदी में हो रही परेशानी को लेकर किसानों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अपने किए गए वादे अनुसार एक मुश्त धान खरीदना छोड़ किसानों के साथ धोखा कर रही है। किसानों को बारदाना नहीं मिल पा रहा है 3100 की जगह सिर्फ 2300 रुपये ही धान ख़रीदी किया रहा है। साथ ही केंद्र सरकार की तरफ से दिए जाने वाले 117 रुपए की बात महज झूठ साबित हो चुका है। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, महामंत्री जाहिद हुसैन, महेश द्विवेदी, नीलूराम बघेल, धनसिंह बघेल फूलसिंह बघेल, शंकर नाग, हिरा लाल ध्रुव , विनोद सेठिया लोकेश सेठिया, दीपचंद सेठिया, मुन्ना सेठिया दीपक कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे।

### डबल इंजन की सरकार किसानों से कर रही ठगी

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा भाजपा सरकार धान खरीद कर रही है, लेकिन उन्होंने वादा किया था कि 3100 रुपये समर्थन मूल्य में धान खरीदेंगे और 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदेंगे, लेकिन 3100 रुपये में धान खरीद कहीं नहीं हो रहा है। धान खरीद केंद्रों में अलग से अनावरी रिपोर्ट तैयार की गई है। भाजपा सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाह रही है। बारदाने की कमी है, बेमौसम बारिश हो रही है। उठाव नहीं हो रहा। सरकार की नीयत साफ नहीं है, बहानेबाजी कर रही है। ताकि किसान कम से कम धान बेच सके। इस तरह का षडयंत्र किसानों के साथ कर रही है। डबल इंजन की सरकार किसानों से ठगी कर रही है।

# पुल निर्माण की धीमी गति से राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा से बैलाडीला तक मुख्य सड़क निर्माण का कार्य पिछले 2-3 वर्षो से चल रहा है, लेकिन कार्य आज तक आधा भी पूरा नहीं हुआ है। सड़कों पर बने गड्ढों से राहगीर पहले ही परेशान है, अब उड़ती धुल से हलाकान हो रहे है।

लौह अस्यक खदान होने से प्रतिदिन लाखों टन लौह अस्यक का परिवहन भारी वाहनों दवारा बचेली मुख्य मार्ग शहर के अंदर से किया जाता है, जिससे उड़ने वाली धुल से बाइक सवार और पैदल चलने वालो को प्रतिदिन इस दिक्कत का सामना करना पड़ता है, बाजार मे दुकानदारी करने वालो को भी इस धुल का सामना सुबह से करना पड़ता हैं। दिन भर उड़ने वाले धुल के गुबार से कई लोगों को दमा - खांसी की बीमारी हो रही है। जब कोई भारी वाहन आता है तो दुकानदार और उपभोक्ताओं को अपना मुँह छिपाना पड़ता है।

वही पुराना मार्केट में पुल निर्माण का कार्य चल रहा है, जो इस सड़क निर्माण की गति की तरह ही धीमी गति से चल रहा है। पुल के ऊपर निर्माण कार्य से बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है, जिससे आये दिन बाइक सवारों के गिर के घायल होने की आशंका रहती हैं।

# भागवत कथा समापन में श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर के लालबाग मैदान में आयोजित भागवत कथा मंगलवार को संपन्न हो गई। इस अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथा व्यास नारायण महाराज ने कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथावाचक ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात एवं तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन, जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्व सार होता है जो मन बुद्धि व चित्त को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन विधि विधान से पूजा करवाई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। इसमें यजमान ने अपने अपने परिवार के साथ आहुति डाली। शहर से आए श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद दोपहर को भंडारा किया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद लिया।





# 8 जुआरी जुआ खेलते पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगरनार थाना क्षेत्र स्थित देवड़ा मंदिर काजू प्लाट जंगल व ग्राम गरावंड खुर्द के माहरापारा में जुए का फड़ सजा होने की सूचना पर नगरनार पुलिस ने रेड कार्रवाई करते हुए आठ जुआरियों को गिरफ्तार कर 55 हजार से अधिक नगद व ताश के बावन पत्ते बरामद कर जब्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

जुआ खेलने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में अलग अलग टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा देवड़ा मंदिर के करीब काजू प्लांट के पास एवं ग्राम गरावंड खुर्द से 8 जुआरी को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 55 हजार 440 रूपए नगद के अलावा ताश के पत्ते बरामद किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एएसआई दिनेश ठाकुर, प्रधान



आरक्षक अहिलेश नाग, रमेश पासवान, विकास सिंह, आरक्षक राजेश कश्यप, विक्रम उराव, डीएसएफ आरक्षक जोगेश्वर कश्यप, वीरेंद्र ठाकुर, भास्कर भारद्वाज व सैनिक जगन्नाथ नाग की अहम भूमिका रही।

नगरनार पुलिस ने मौके से आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया गया इनमें कोटपाड़ ओडिशा निवासी सुजय बिसाई व बिगना पटनायक के अलावा छोटु बघेल निवासी नयामुंडा तिरंगा चौक थाना बोधघाट, हरिचंद निवासी आकाश नगर थाना बोधघाट, मनोज सेठिया निवासी मारकेल खासपारा थाना नगरनार, महेश बघेल निवासी गरावंड माहरापारा थाना नगरनार, बसंत बघेल उर्फ करण बघेल निवासी गरावंड व रामसर बघेल निवासी ग्राम छोटे गरावंड थाना नगरनार शामिल है।

# बेसोली में कार्यकर्ताओं के मेहनत और एकजुटता से एकतरफा वोट मिला : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा लोकसभा चुनाव में मंडल स्तर पर पार्टी को अधिकतम वोट मिलने पर 25000 नगद पुरस्कार

- **लोकसभा चुनाव में बेसोली बूथ को मिला प्रथम पुरस्कार**

रखा गया था। हाल में हुए लोकसभा चुनाव में भानपुरी मंडल के नारायणपुर विधानसभा अंतर्गत बेसोली बूथ में लोकसभा भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप को और विधानसभा चुनाव में केदार कश्यप को भानपुरी मंडल में अधिकतम वोट मिला एवं मंडल स्तर में प्रथम स्थान मिला जिस पर भाजपा जिला संगठन में बेसोली बुथ के कार्यकर्ताओं को जनादेश विजय दिवस के अवसर पर बूथ कार्यकर्ताओं को वनमंत्री केदार कश्यप,जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, वेदवती कश्यप मंडल अध्यक्ष संतोष बघेल ने 25000 नगद पुरस्कार एवं सम्मानित किया। मंडल उपाध्यक्ष व राजेश सागर व बूथ के कमलेश दीवान ने बताया कि विगत कई चुनावो में लगातार भाजपा को बेसोली बूथ मे एकतरफा मत प्राप्त होता रहा है इस वर्ष भी ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी पर विश्वास जताते हुए एकतरफा भाजपा को मतदान किया।

इस अवसर पर जिप सदस्य निर्देश दीवान, टिकेश्वरी मंडावी, प्रवीण सांखला, भूषण गुप्ता, विजय पांडेय, उमाकांत कश्यप सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एक घंटा राष्ट्र के नाम को लेकर समाज प्रमुखों की बैठक शनिवार को जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में

- **समाज प्रमुखों को आगे आकर देना चाहिए योगदान : राव**

अंत्योदय से राष्ट्रोदय के विषय पर चर्चा की गई। इस चर्चा में एल ईश्वर राव समन्वयक एक घंटा राष्ट्र के नाम अभियान ने विषय रखते हुए बताया कि अंत्योदय का अर्थ समाज के सबसे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण और विकास से है और राष्ट्र उत्कर्ष के लिए इनका उत्थान अति आवश्यक है,ताकि समाज का समन्वित विकास हो सके। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मार्ग पर चलकर गरीब लोगों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने और उनके जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं बनाए हैं जैसे मुद्रा, धनजन, उज्जवल,स्वच्छता मिशन, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से अधिकतम 5 लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सस्ती दवाएं और उपचार ,किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना जैसे विभिन्न योजनाओं का लाभ गरीब पात्र जनता को दिलाने के लिए काम करना जरूरी है। समाज प्रमुखों समाज के जागरूक प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि गरीब जनता के लिए संचालित इन योजनाओं का लाभ उन्हें अधिक से अधिक मिले इस संबंध में हमें संकल्पित होने की जरूरत है इन योजनाओं के माध्यम से ही समाज का अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का कल्याण होगा और उससे ही राष्ट्रोंदय की परिकल्पना साकार होगी। सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष अशोक अरोरा, सुनील दास, हेना विश्वास, रामनरेश पांडे, मिहिर मिस्त्री, संजय चौहान ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान निर्मल यादव, डॉ गोविंद तिवारी, गजेंद्र यादव, माखनलाल देवनाथ, पी सुरेश,जेपी यादव, बबला यादव, तारा गुप्ता, रवि शर्मा, उत्तम साहू, सुलोचना मंडावी, गणेश ठाकुर रानू नाग, सुनील जैन, बनमांली प्रसाद पाणिग्रही, अलका सेंगर, बबली शुक्ला, रेखा पांडे, ए बी साहू, एम मंडल, जय गोपाल सरकार, बृजेश शर्मा, प्रकाश झा, हरिशंकर झा, शेफाली सरकार, एल चंद्रशेखर राव, संतोष कुमार पाल, मुकेश शर्मा, गुजराल शार्दुल, मिलन विश्वास एवं अन्य उपस्थित थे।



# रामानुज की याद में मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य पर गणित विभाग एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित महाविद्यालयीन स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजनों का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस पर गणित मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह कार्यक्रम श्रीनिवास रामानुजन इयंगर एक महान भारतीय गणितज्ञ थे इन्हें आधुनिक काल के महान गणितज्ञ एवं विचारकों में गिना जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य विमल कुमार रात्रे ने की एवं उन्होंने सभी गणित दिवस में आए प्रतिभागियों को हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, क्राइस्ट कॉलेज, शासकीय दंतेश्वरी, महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं द्वारा मॉडल प्रस्तुत किए गए जिन में निर्णायक के रूप में मॉडल कॉलेज के प्राचार्य द्विवेदी तथा महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार ठाकुर एवं सहायक प्राध्यापक दुर्गेश देवांगन के द्वारा निर्णय दिया गया। मॉडल प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार गणित दिवस 22 दिसंबर को प्रदान किया जाएगा। गणित विभाग के विभाग अध्यक्ष ए फॉर साहू द्वारा गणित मॉडलों पर चर्चा करते हुए सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत मॉडल के बारे में सूक्ष्म रूप से उपस्थित निर्णायक एवं उपस्थित प्राध्यापकों को जानकारी प्रदान की।

# छात्र-छात्राएं एड्स के प्रति रहें जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उद्यानिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सोमवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता डॉ. जीपी नाग एवं एवं महाविद्यालय के स्टाफ के साथ रेड क्रॉस सोसाइटी के समस्त सदस्यों के द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। डॉ. नाग ने छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के.पी. सिंह के द्वारा छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति सजक रहने एवं लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि निशांत जॉन समन्वयक, अंजना बघेल पियर काउंसलर, वंशिका जांगड़े आउटरीट वर्कर, ज्योति महंत आउटरीट वर्कर, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों द्वारा एड्स के बारे में छात्र-छात्राओं को संपूर्ण जानकारी मुहैया कराई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम कुमार देवांगन ने छात्र-छात्राओं को एड्स जैसे सामाजिक बुराइयों से बचने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ. सुमित के साथ समस्त अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




### एड्स दिवस पर वाद विवाद प्रतियोगिता

जगदलपुर। शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय के एनएसएस इकाई, रेड रिबन क्लब और रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एड्स के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और इस गंभीर समस्या को रोकने के उपायों पर प्रकाश डालना था। इस अवसर पर 2 दिसम्बर को जागरूकता रैली के साथ ही, एड्स जागरूकता संदेश को सजीव रूप देने के लिए मानव श्रृंखला बनाकर एड्स का प्रतीक चिह्न प्रदर्शित किया गया तथा 3 दिसंबर को एचआईवी एड्स के रोकथाम एवं बचाव विषय पर पोस्टर मेकिंग, निबंध, भाषण एवं 'एचआईवी एड्स को भारत में नियंत्रित किया जा सकता है' विषय में वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को वार्षिक उत्सव समारोह में रेड रिबन क्लब के द्वारा प्रमाण पत्र और मोमेंटो से पुरस्कृत किया जाएगा।



Step into winter with Hyundai Smart Care Clinic
3rd to 13th Dec.
Special Service offers
- Free 70 point car checkup
- Free dry wash
- 10% off discount on mechanical parts
- 15% off on Wheel alignment & balancing
- 15% off on Interior & Exterior Beautification
- 15% off on Underbody coating and windscreen treatment

HYUNDAI
Download myHyundai app and win rewards upto Rs 35,000 by Shell
SHIVNATH HYUNDAI JAGDALPUR